# एसआईआर अभियान को लेकर हुई विस्तृत समीक्षा, प्रभारी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

- नीमच भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक



**नीमच। भाजपा की संगठनात्मक कार्ययोजना के तहत जिले की तीनों विधानसभा नीमच, जावद और मनासा में सोमवार को महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने किया, जबकि मंदसौर संभाग के नवनियुक्त प्रभारी सुरेश आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की आगामी रणनीति और दायित्वों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।**

सुबह 11 बजे नीमच विधानसभा की बैठक भाजपा जिला कार्यालय तपोभूमि में शुरू हुई, जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) अभियान पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

सुरेश आर्य ने बताया कि स्ढ्ढक्र अभियान के तहत ऐसे सभी मतदाताओं के नाम जो पिछली सूची से छूट गए थे, पुन: जोड़े जा रहे हैं। इसके साथ ही नए मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य भी तेजी से जारी है। बीएलओ, वार्ड प्रभारी और पूरी टीम सक्रिय रूप से मतदाता सूची को सटीक और अद्यतन बनाने में लगी हुई है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी ईमानदारी के साथ एसआईआर अभियान में सहयोग करें, सही जानकारी उपलब्ध कराएँ और अधिकाधिक नागरिकों को वोटर सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करें।

बैठकों का मूल उद्देश्य आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों को मज़बूत करना था, जिसके लिए संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठकों में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी, स्थायी सदस्य, नगरपालिका, नगर परिषद, जनपद और जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य एवं पार्षदों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

इन बैठकों को संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## दो कारों की भिड़ंत में 14 लोग घायल, दो गंभीर, हर्कियाखाल डैम के पास हादसा

**नीमच।** जिले में रविवार रात जीरन थाना क्षेत्र के हर्कियाखाल डैम के पास पुलिया के समीप दो कारों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और उनमें सवार 14 लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार टवेरा कार (आरजे 09 यूए 3422) में सवार 11 लोग राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के टांडा क्षेत्र के मानपुरा गांव के निवासी हैं। ये सभी अपने कुलदेवी के दर्शन के लिए जावद क्षेत्र के तारापुर के पास स्थित बेलाना गांव आए थे। वहीं से माँ भादवा माता के दर्शन कर वे रात में अपने गांव लौट रहे थे। जब उनकी कार हर्कियाखाल डैम के पास बने टर्न पर पहुंची, तो सामने से आ रही एक नई टाटा पंच कार (बिना नंबर) से सीधी टक्कर हो गई।

दूसरी कार में अरनोद पंचायत के अरनोदा गांव (राजस्थान) के माली समाज के चार लोग सवार थे। वे जीरन के हार्खियाखाल स्टेशन क्षेत्र में हुए एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे थे। मोड़ पर अचानक हुई टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारों के सभी यात्री चोटिल हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। इसी दौरान लोगों ने 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। एंबुलेंस दल ने सभी घायलों को जीरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर घायलों में कुशल (उम्र लगभग 12 वर्ष), एक महिला और पंच कार का चालक शामिल है।

## एक नजर में

### तहसीलदार ने नीमच शहर में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया



**नीमच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 का कार्य जारी है। इस दौरान 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर, मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। बी.एल.ओ.के सहयोग के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं जनपद, नगरीय निकायों के स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को भी लगाया गया है। बी.एल.ओ.द्वारा गणना फॉर्म के कलेक्शन और डिजिटलाइजेशन के कार्य का फील्ड पर जाकर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी,तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर प्रगति बढ़ाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गऐ है। तहसीलदार नीमच नगर श्री संजय मालवीय एवं डॉ.अजेन्द्र नाथ प्रजापति ने सोमवार को नीमच शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर, एस.आई.आर कार्य का निरीक्षण कर, बी.एल.ओ.द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रगति का जायजा लिया और सभी बी.एल.ओ.को बी.एल.ओ.एप पर एम्युरेशन फार्म के डिजिटलाईजेशन कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

### किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया

**अठाना।** स्थानीय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में मेडिकल ऑफीसर डॉक्टर हर्ष मालू के निर्देशन नर्सिंग ऑफिसर वंदना यादव ए एन एम किरण शर्मा आशा सुपरवाइजर प्रतिभा माली एवम अठाना क्षेत्र की समस्त आशा कार्यकर्ताओं ने मिलकर विद्यालय की 141 किशोर बालिकाओ का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया जिनका एच् बी कम पाया उन बालिकाओ को चुकंदर का रस, दूध पीना आदि की सलाह दी गई समय पर मासिक धर्म नही आना व मासिक धर्म संबंधी परेशानियों को ध्यान से सुना गया और उचित सलाह दी गई।भविष्य मे क्या कार्य हमे करना है की योजना बनाई गई। डॉ हर्ष मालू ने बालिकाओ को भोजन में क्या ले और कितना ले कि हम स्वस्थ्य रहे साथ ही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। पूरी टीम का आभार प्राचार्य मुकेश कुमार जोशी ने माना।

### इनरव्हील क्लब नीमच ने 'ऑरेंज द वर्ल्ड' अभियान के तहत किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नीमच।** इनरव्हील क्लब नीमच द्वारा स्थानीय प्रज्ञा स्कूल में महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा की रोकथाम को केंद्र में रखते हुए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक पहल 'ऑरेंज द वर्ल्ड' को समर्पित रहा। क्लब अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पहल का लक्ष्य महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को समाप्त करना और उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए महिला सशक्तिकरण विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संध्या प्रजापति, चांदनी मंडल, रितिका ग्वाला और मानसी प्रजापति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही इनरव्हील क्लब ने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री भी वितरित की। एन. वी. फिटनेस की संचालक एवं जिम ट्रेनर नताशा शर्मा ने बच्चों को गुड टच-बैड टच की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए आत्म-सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने दिया।

### गणना पत्रक भरने के लिए आवश्यक नहीं किसी भी प्रकार का ओटीपी

**नीमच।** एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें। ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी माँगता है तो वह साइबर फ्रॉड कॉल हो सकता है। एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है। किसी भी प्रकार की फीस, प्रोसेसिंग चार्ज या भुगतान करने के लिए कहे जाने पर ध्यान दें-ऐसे संदेश/कॉल धोखाधड़ी हो सकते हैं।

## 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मजदूर संगठनों का आज राष्ट्रव्यापी धरना

**नीमच। देश के करोड़ों मेहनतकश मजदूरों किसानों आमजन, छात्र नौजवान को लूटने वाली नीतियो के खिलाफ 26 नवंबर को राष्ट्र व्यापी हडताल व धरना-प्रदर्शन किया जाए गा।**

नीमच के धरना-प्रदर्शन धरना-प्रदर्शन मे 36;श्रमिक संगठन व सयुक्त किसान मोर्चा संगठन भी शामिल होगा।श्रमिक संगठन के नेता राष्ट्रीय मजदुर कांग्रेस इंटक के जिलाध्यक्ष भगत वर्मा, सीटू के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर तथा बैंक एम्पलाईज युनियन के जिलाध्यक्ष किशोर जेवरिया इंटक के जिलाध्यक्ष महासचिव भूपाल सिंह राठौर ने अपने एक सयुक्त बयान मे कहावकि केंद्र सरकार तथा प्रदेश कि भाजपा सरकार मजदुरो व किसानो का शोषण कर रही है।केंद्र सरकार मेहनत कश लोगो के साथ धूर्ततापूर्ण व्यवहार कर रही है यह लड़ाई देश को बेचने वालो कै खिलाफ लडी जा रही है, श्रमिक नेताओ ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सारा खजाना पूजिपतियो कारपेट घरानो को लूटाना चाहती है।केंद्र कि सरकार देश मे बेरोजगारी कि समस्याओ को हल करने के बजाय जाती धर्म व साम्प्रदायिकता के अंधे कुए मे धकेलना चा रही है श्रमिक नेता भगत वर्मा व शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि श्रमिको का सयुक्त मोर्चा चार श्रम संहिता का विरोध कर रहा है यह गैर लोकतांत्रिक कदम है।इन चार काले कानून को लेकर सन दो हजार से श्रमिक संगठन आन्दोलन कर रहे है। श्रमिक नेता ने बताया कि श्रम कानून को लेकर आज दिनांक 25 नवंबर को सायंकाल 5-30 बजे काले कानून कि प्रतियाँ भारत माता चौराहे पर जलाई जाएगी तथा कहा कि केंद्र सरकार मजदुरो व किसानो का हक छिन रही है! मजदुर नेताओ ने इन सहिनताओ को मजदुरो कि जिंदगी व रोजी रोटी पर नरसंहार करने वाला हमला बताया है। सयुक्त मोर्चा संगठन कि मांग है कि न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपए किया जाए, दस हजार रूपए मासिक पेंशन कि जाए, जो अभी तक नहीं मिल रहा हे सरकार हर विभाग का निजीकरण करना चाहती है, श्रमिक संगठन इसका विरोध कर रही है सयुक्त मोर्चा ने आव्हान किया है कि 26 नवंबर को होने वाला राष्ट्र व्यापी हरना प्रदर्शन मे काली पट्टी बाधं कर नुक्कड मिटीग कर श्रम विरोधी सरकार के इरादो को बे नकाब किया जाए गा राष्ट्र व्यापी धरना-प्रदर्शन मे सयुक्त किसान मोर्चा भी शामिल होगा, तथा राष्ट्र पति के नाम सयुक्त मोर्चा संगठन के व्दारा ज्ञापन दिया जाएगा।

## समाजसेवी मंगू परमार का निधन, पंचतत्व में विलीन

**नीमच। उपनगर नीमच सिटी के निवासी व नीमच नगर के धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहने वाले व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरनारायण 'मंगू' परमार का रविवार 23 नवंबर को प्रात: 5 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे नीमच सिटी सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गयी।**

स्व. हरनारायण (मंगू) नगर में होने वाले धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं अन्य कार्यक्रमों मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। स्व. हरनारायण 'मंगू' परमार की अंतिम यात्रा उनके निज-निवास जूना बाजार नीमच सिटी से दोपहर 1 बजे निकाली गई व रामपुरा दरवाजा स्थित मुक्तिधाम पर मुखाग्नि दी गई। अतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक जताते हुए उपस्थित लोगो का कहना था कि हरनारायण 'मंगू' परमार जिन्हे नगर में प्यार से मंगू दादा के नाम से बुलाया जाता था। हमेशा सामाजिक सरोकार में आगे हाथ बढ़ाते थे। उनके अंदर सामाजिक समरसता कूट-कूट कर समाहित थी। अपनी लंबी उम्र में उन्होंने



कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## धाकड़ समाज के वरिष्ठ, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भेरूदादा किलोरिया का निधन

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, धाकड़ समाज के वरिष्ठ, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कृषि उपज मंडी के पूर्व डायरेक्टर भेरूलाल कीलोरिया (भेरू दादा) का सोमवार दोपहर 2:00 बजे करीब 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया! वे विगत 3 वर्षों से अस्वस्थ थे! शवयात्रा मंगलवार 25 नवंबर को प्रात: 10:00 बजे खेड़ी मोहल्ला पिपली चौक नीमच सिटी स्थित निवास से मनासा रोड चंबल कॉलोनी के आगे स्थित मुक्तिधाम ले जाएगी!



रामेश्वरलाल, जगदीश चंद्र के छोटे भाई एवं सुरेश पटेल, राधेश्याम, दिनेश (बंटू पटेल) के बड़े भाई तथा राकेश किलोरिया (पार्षद), प्रकाश के पूज्य पिताजी श्री भेरुलाल जी किलोरिया भारतीय जनता पार्टी के दबंग नेता होकर धाकड़ समाज में भी अपना विशेष प्रभुत्व रखते थे। नीमच नगर पालिका में तीन बार पार्षद रहे श्री भेरूलाल किलोरिया ने रघुराज सिंह चोरडिया के अध्यक्ष कार्यकाल में उपाध्यक्ष रहते 10 दिन का अध्यक्ष का चार्ज मिलने पर फव्वारा चौक नीमच सिटी तक की सड़क बनाने के साथ ही जो कार्य किये उनकी सराहना आज तक शहर के नागरिक करते है!

## एसआईआर अभियान में आई तेजी

- नीमच जिले में 70 .98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा, जावद विधानसभा शीर्ष पर
- जिले में 4 लाख 39 हजार से अधिक फॉर्म डिजिटाइज किए गए

**नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व में नीमच जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले ने कुल 70.98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर, इस अभियान को सफल बनाया है। मतदान प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में प्रभावी और पारदर्शी कदम उठाने के लिए, जिलेभर में 745 बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की निरंतर समीक्षा की जा रही हैं। पुनरीक्षण के दौरान गणना फॉर्म (ईएफ) वितरण से लेकर डिजिटाइजेशन तक, प्रत्येक स्तर पर संतोषजनक प्रदर्शन दर्ज किया गया है।**



अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.एस.कलेश ने बताया, कि सोमवार सुबह प्रात: 10 बजे तक की स्थिति में नीमच जिले में कुल 6 लाख 19 हजार 141 मतदाताओं में से 4 लाख 39 हजार 654 मतदाताओं के इम्युरेशन फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके है, जो कि 70.98 प्रतिशत है। नीमच जिले की विधानसभा क्षेत्र मनासा में कुल 203128 मतदाताओं में से 145252 गणना फॉर्मो का डिजिटाइजेशन पूरा किया गया है, जो 71.51 प्रतिशत की सफलता दर्शाता है।

जावद विधानसभा ने जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यहां 183826 मतदाताओं में से 136930 फॉर्मो का डिजिटाइजेशन किया गया है। यहाँ 74.49 प्रतिशत की सफलता के साथ जिले का सर्वोच्च प्रदर्शन रहा। नीमच विधानसभा में 232887 मतदाताओं में से 157468 फॉर्म डिजिटाइज कर, 67.73 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया गया है।


कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बीएलओ को बधाई देते हुए कहा, कि यह अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होने ने शेष बचे डिजिटाइजेशन कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि मतदाता सूची अद्यतन और शुद्धिकरण की प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो सके।

## एक नजर

**आरोपियों से 95 लीटर अवैध शराब बरामद, आबकारी अधिनियम के तहत 18 मामले दर्ज**

## पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया, 153 वारंटी गिरफ्तार

**नीमच।** पुलिस ने कानून व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार रात (23-24 नवंबर 2025) जिलेभर में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में चलाए गए इस मेगा-ऑपरेशन में 153 वारंटियों को गिरफ्तार किया और 95 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।



अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 153 गैर-जमानती वारंट तामील कराए। इनमें 54 स्थायी और 99 गिरफ्तारी वारंट शामिल थे। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में 69 शारीरिक अपराधों से संबंधित, 27 संपत्ति संबंधी अपराधों के और 4 मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी थे।

आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत 18 मामले दर्ज

अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 18 मामले दर्ज किए और 95 लीटर अवैध शराब जब्त की। इसके अतिरिक्त, शस्त्र अधिनियम के तहत 1 और जुआ अधिनियम के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए गए।

पुलिस ने 89 निगरानी बदमाशों और गुंडों की भी जांच की। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 64 होटल, लॉज और ढाबों का निरीक्षण किया गया। 10 स्थानों पर संयुक्त वाहन चेकिंग के दौरान लगभग 200 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 11 चालान काटकर 7300 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और 40 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई।

महिला संबंधी अपराधों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए 5 आदतन आरोपियों की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक जायसवाल ने बताया कि यह वर्ष 2025 की 11वीं कॉम्बिंग गश्त थी, जिसके तहत अब तक कुल 1368 वारंट तामील कराए जा चुके हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



## फिर गिरे पोस्ता के दाम, किसानों में दिखी नाराज़गी, 15 दिन पहले बिका था 2 लाख में

**नीमच।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को पोस्ता के भाव 1,40,000 से 1,60,000 प्रति क्विंटल रहे। कल की तुलना में 2,000 की सीधी गिरावट दर्ज की गई, जिससे किसानों में नाराज़गी स्पष्ट दिखाई दी। मंडी में सोमवार को करीब 300 बोरी पोस्ता की आवक हुई, लेकिन उम्मीद से कम दाम देखकर किसान मायूस हो गए। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 दिन पहले यही पोस्ता 2,00,000 के पार बिक रहा था, जबकि अब लगातार भाव लुढ़कते जा रहे हैं।

किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत का उचित मूल्य 1,80,000 से कम नहीं होना चाहिए। बातचीत में कई अन्नदाताओं ने आरोप लगाया कि बाजार में मांग मौजूद होने के बावजूद भाव जानबूझकर दबाए जा रहे हैं। किसानों ने कहा कि लागत और जोखिम दोनों बढ़ रहे हैं, लेकिन दाम उलटे घट रहे हैं, जो उनके साथ अन्याय है। उनका सवाल है- जब फसल सोने जैसी मेहनत मांगती है, तो दाम मिट्टी जैसे क्यों पोस्ता उत्पादकों ने उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की है।